प्रादेशिक समाचार
17.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देर रात कनाडा के कनानास्किस में जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। श्री मोदी दो दिन की कनाडा यात्रा पर सवेरे कैलगरी पहुंचे।
प्रधानमंत्री ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे और निवेश से जुड़ी चर्चाओं में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी लगातार छठी बार जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे शिखर सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मिलेंगे और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सम्मेलन के दौरान वे अल्प विकसित और विकासशील देशों की प्राथमिकताओं पर भी जोर देंगे।

***********************

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। इस कडी में आज, हम सभी के लिए किफायती और स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

***********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज राँची स्थित राज भवन में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी आज राज्यपाल से मुलाकात की।

***********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भी राजभवन में शिष्टाचार भेंट की और मेमोरेंडम टू द 16वां फाइनेंस कमीशन की प्रति सौंपी। इस ज्ञापन में राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं, संसाधनों के न्यायसंगत बंटवारे और विशेष आर्थिक सहयोग की मांग की गई है। राज्यपाल ने दस्तावेज़ को सकारात्मक पहल बताते हुए सराहना की।

***********************

रांची के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं। मौके पर मंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनका समाधान किया जाएगा।

***********************

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार पर झारखंड उच्च न्यायालय की सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगाया है। रांची मे आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन मे प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि बिना टेंडर के घटिया सुरक्षा उपकरण खरीदे गए हैं और स्पेशल ब्रांच की जांच में डीप सर्च माइन मेटल डिटेक्टर समेत कई उपकरण बेकार पाए गए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से सहयोग लेकर हाईकोर्ट की सुरक्षा को सुदृढ़ करने की मांग की।

***********************

खूंटी की अदिति शाहदेव ने नीट में 99 पर्सेंटाइल हासिल कर जिले और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। अदिति ने बताया कि उन्होंने अपने दादाजी शैलेन्द्र नाथ शाहदेव के सेवा कार्यों से प्रेरणा लेकर डॉक्टर बनने का सपना देखा है।

***********************

राज्य में पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक 26 दशमलव 6 मिलीमीटर वर्षा गिरिडीह में दर्ज की गई, जबकि गढ़वा में अधिकतम तापमान 35 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार 19 और 20 जून को राज्य के कुछ भागों में गर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है। वहीं, 21 जून को उत्तर–पूर्वी जिलों में कहीं–कहीं भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है।

********समाप्त*********